## खबर संक्षेप



### राधेश्याम भारतीय भोपाल में सम्मानित

**घरौंडा।** लघुकथा शोध समिति भोपाल की ओर से माधव राव सप्रे जयंती के उपलक्ष्य में 'दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय, भोपाल' के हाल में आयोजित हरियाणा के घरौंडा शहर से पहुंचे राधेश्याम भारतीय को उनके लघुकथा संग्रह 'कीचड़ में कमल' को 'श्री विक्रम सोनी स्मृति लघुकथा कृति सम्मान' से सम्मानित किया गया।

### हमले में कई युवक घायल, की शिकायत

**घरौंडा।** सर्विस लेन पर स्थित रिची रिच होटल के पास एक कार सेल व परचेज ऑफिस पर बैठे युवकों पर कई युवकों ने लाठी डंडो से हमला बोल दिया। हमले मे कई युवक घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हमला वर बैग में रखे. 56हजार की नगदी, एक मोबइल व सोने की चैन भी छीन कर ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है।

### भागवत कथा में प्रभु की भक्ति का किया गुणगान

**घरौंडा।** देवी मंदिर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक ब्रजवासी छोटे भैया डॉ नरेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि भगवान के कई अवतारो में एक वामन अवतार भी है। उन्होंने कहा कि श्री मद भागवत कथा सुनने से मनुष्य में कई जन्मो के पाप नष्ट हो जाते है। रविवार को आयोजित श्री मद भागवत कथा में विधायक हरविंदर कल्याण, लाला सोहनलाल, नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने कथावाचक डॉ नरेश चंद्र शास्त्री को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। कथावचक डॉ नरेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि हमें भागवत कथा सुनने के साथ -साथ उनकी शिक्षाओं पर अमल भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत जीविका का साधन नहीं है, भागवत तो मनुष्य का जीवन है।

### राजपूत समाज के मेधावी छात्र सम्मानित

**करनाल।** राजपूत सभा ने फैसला लिया है कि वर्ष 2023 -24 में राजपूत समाज के जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर करनाल के महाराणा प्रताप स्मृति भवन में राजपूत सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की ग्रामीण परिवेश में जिन छात्र-छात्राओं के 85 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक है और शहरी क्षेत्र में 90 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक है, ऐसे छात्र-छात्राएं 10 जुलाई तक अपने नंबरों से संबंधित सर्टिफिकेट करनाल के सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में पहुंचा दें।

### कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता का जताया आभार

# धन्यवाद सभाः जनता के आशीर्वाद एहसान जिंदगी भर नहीं उतार पाएंगेः बुद्धि राजा





कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा की तरह विधान सभा में मेहनत करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

लोकसभा चुनावो में कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठा रहे नेताओ को दिव्यांशु बुद्धिराजा ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 में दस सीट हारने के बाद ये सवाल क्यों नही उठाए। चुनाव में हार के बाद दिवायंशु बुद्धि राजा घरौंडा विधानसभा में यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सोमिल संधू द्वारा आयोजित धन्यवाद सभा में कार्यकर्ताओ का सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में धन्यवाद करने पहुंचे थे। दिव्यांशु बुद्धि राजा ने कहा कि जिले की जनता ने जो उन्हें मान-सम्मान और प्यार दिया है उसका एहसान वे जिंदगी भर नहीं उतार सकते।

देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में जाकर तो वे जनता की मांग नहीं उठा सके,लेकिन अब जिला करनाल के जनता की आवाज को सड़कों पर उठाकर पूरा करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं व मतदाताओं का शीश झुकाकर आभार प्रकट किया। लोकसभा चुनाव हार चुके दिव्यांशु बुद्धि राजा ने विधानसभा चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है। राज बब्बर के बाद करनाल से पार्टी के प्रत्याशी दिव्यांशु पार्टी के आदेशों पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे है। दिव्यांशु ने करनाल लोकसभा चुनाव में हार के बाद चार ईवीएम मशीनों की जांच के लिए चुनाव आयोग में शिकायत की है। आयोग के नियम के अनुसार अब ईवीएम जांच पर दिव्यांशु ने कहा कि जिन बूथों पर उन्हें गड़बड़ी की आशंका थी उनकी जांच करवाई है। किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ये कह चुके है कि कांग्रेस में रहते हुए भी किरण चौधरी का दिल बीजेपी में था। सांसद जयप्रकाश द्वारा किरण चौधरी के बारे में दिए गए बयान के बारे में उन्होंने कहा कि इसे तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। चौधरी बंसीलाल के बाद किरण चौधरी को कांग्रेस में पूरा मान सम्मान मिला है। जयप्रकाश द्वारा दिया गया बयान किसी महिला या पुरुष के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

किरण चौधरी के बयान पर कुमारी शैलजा के समर्थन के बारे में उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेत्री है और प्रदेश में पूरी कांग्रेस ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा। तभी कांग्रेस में 5 सीट जीत पाई है। उन्हें पार्टी हाई कमान से बात कर लेनी चाहिए थी। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान, रघुवीर संधू,भूपेंद्र लाठर, कृष्ण शर्मा बसताड़ा, सोमिल संधू, कमलकांत धीमान, कौशर अली ब्लहेड़ा समेत सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### टिकट तो एक को ही मिलनी है

हल्के से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके अनिल राणा ने कांग्रेस की फुट की और इशारा करते हुए कहा कांग्रेस ही कांग्रेस को लोकसभा या विधानसभा में हरवाने का कार्य करती है। उन्होंने करनाल से लोकसभा टिकट के दावेदारों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि टिकट तो एक को ही मिलनी होती है उसके बाद लोकसभा प्रत्याशी का साथ देना चाहिए था। उनका इशारा कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के स्थानीय नेता ओर था। क्योंकि वह भी करनाल लोकसभा से कांग्रेस की टिकट के दावेदार रहे थे।



# बाबा रामदास की कुटिया पर उमड़ा जनसैलाब

- काली कमली वाला मेरा यार है...भक्ति की बही बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

गांव कलवेहड़ी में बाबा रामदास काली कमली वाले की पावन स्मृति में 117वें ग्रीष्मकालीन विशाल भंडारें का आयोजन किया गया। सबसे पहले बाबा की समाधि पर उनके गद्दीनशीन वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा के सानिध्य में प्रातः 8 बजे पंड़ित चेतन देव शर्मा व शेखर शर्मा द्वारा हवन-यज्ञ करवाया गया। नारियल, हवन सामग्री, घी से पूर्ण आहूति दी गई। संत महात्माओं के पहुंचने पर उनका माल्याअर्पण, पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। उन्हें आसन पर विराजमान करके शोभायात्रा निकाली गई, ग्राम परिक्रमा करते हुए शोभा-यात्रा पीर बाबा कालेखां की मजार से होते हुए बाबा जी की कुटिया पर पहुंची और झंडा चढ़ाया गया। बाबा राम दास विद्यापीठ के विद्यार्थीयों ने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुति दी। पठानकोट से आए देवेन्द्रानन्द ने भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया। बालऋषि कुमार ने वेदमंत्रों का उच्चारण किया। साजन आर्ट ग्रुप द्वारा राम दरबार की झांकी सजाई गई और राम के भजनों का गुणगान किया। स्वामी परमानंद, पं. चेतन देव शर्मा, पं. शेखर शर्मा ने भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया। महामण्डलेश्वर स्वामी सत्यानन्द तीर्थ ने गुरू को मानना और गुरू की बात न मानने बारे वृतांत सुनाया। निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी माथा टेका। बाद में सामूहिक रूप से आरती की गई, तत्पश्चात भंडारा शुरू किया गया, हजारों भक्तों ने भंडारा लंगर ग्रहण किया। भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू ने व्यवस्था संभाली। अशोक पोपली ने ढोलकी के सुर बिखेरे। सचिन क्वात्रा ने कथा का लाइव प्रसारण किया।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर वैद्य देवेन्द्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, डा. मानव बत्तरा, सुभाष गुरेजा, भारत भूषण, लक्षिता बत्तरा, साबिया बत्तरा, कपिश मैहरा, आशीना मैहरा, अक्षज मैहरा, कामनी मैहरा, मोहित बवेजा, सुभाष वधावन, शशी वधावन, सन्नी मुंजाल, कोमल मुंजाल, हरीश कटारिया, देव रत्न नागपाल, उमेश, आस्था, अंजुरानी, सोना देवी, मामो देवी, तरुण राखा, जोगिन्द्र मजोका, नरेन्द्र छाबड़ा, सुरेन्द्र मजोका, शाम चावला, दीपक गांधी, रमेश पाल, रामकुमार, राजिन्द्र मोहन शर्मा, सुमित चौधरी, राम कुमार नागपाल, दीपक आहुजा, रामलाल ग्रोवर, डा पवन अरोडा आदि रहे।

# आंगनवाड़ी यूनियन की हुई बैठक

- आंगनवाड़ी सुपरवाइजर यूनियन ने मांगों को लेकर रोष जताय

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

आंगनवाड़ी सुपरवाइजर यूनियन जिला करनाल की मीटिंग जिला प्रधान कुसुम की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सिहाग पहुंची। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी व जिला सचिव सेवाराम बड़सर भी मौजूद रहे। मीटिंग में सुपरवाइजर की समस्याओं व संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए सुशीला सिहाग प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुपरवाइजर के ऊपर काम का दबाव व समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन विभाग के काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। सुपरवाइजर मानसिक तनाव में हैं, इसलिए संगठन के ऊपर सभी सुपरवाइजर को अपना विश्वास जमाते हुए अपने संगठन को मजबूत बनाना चाहिए। बैठक में सर्व समिति से कुसुम प्रधान, उप प्रधान मेनका, रजनी व सचिव संतोष खजांची को चुना गया इस अवसर पर गीता, पूनम, ममता, कंचन, अनीता, गुरमीत, निशा, सुमन, पारुल, कविता व सुशीला आदि मौजूद रहीं।




# शहर के बीचो-बीच ड्रेन गंदगी से लबालब

- इसकी सफाई की इंतजार मे वार्ड वासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी शहर के बीचो-बीच बरसाती ड्रेन गंदगी से लबालब है। शहर का बरसाती पानी भी इसमें जाकर गिरता है लेकिन इसमें सफाई न होने की वजह से बरसाती पानी घरों में और आसपास की दुकानों में घुसने का खतरा बना हुआ है। पिछले साल भी बरसात के दिनों में इस ड्रेन में बरसाती पानी ना जाने की वजह से पानी दुकानों में घुस गया था। जिससे दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ था। आसपास के लोगों का कहना है कि इसका सौंदर्यीकरण करवाने के लिए दोनो साइड में जाली और फुटपाथ बनाकर लाखों रुपया खर्च कर दिया है लेकिन इसके अंदर की सफाई करवाने का बीड़ा प्रशासन ने नहीं उठाया। प्री मानसून शुरू हो चुका है जबकि इसकी सफाई मानसून आने से पहले हो जानी चाहिए थी लेकिन इसकी सफाई नहीं हुई। इसमें गंदगी होने की वजह से मच्छरों की भरमार रहती है आसपास के रहने वाले लोगों का कहना है कई बार प्रशासन और पार्षद को कह चुके हैं लेकिन अभी तक इसकी सफाई नहीं हुई जबकि बरसाते शुरू हो चुकी हैं।



तरावड़ी। शहर के बीचो बीच गंदगी से लबालब बरसाती ड्रेन। फोटो : हरिभूमि

#### बोलीं पार्षद



वार्ड सात की पार्षद वंदना का कहना है कि मैंने इसकी सफाई के लिए नगर पालिका प्रशासन को कई बार बोला है लेकिन अभी तक सफाई नहीं हुई जबकि बरसात का मौसम आने वाला है।

#### बोले पालिका सचिव

नगर पालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि यह ड्रेन सिंचाई विभाग की है हर साल मनरेगा के तहत सिंचाई विभाग इसकी सफाई करवाता है। अगर विभाग ने इसकी समय रहते इसकी सफाई नहीं करवाई तो नगर पालिका जल्दी ही इसकी सफाई करवा देगी।

# गुरु हरगोविंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव मना

- निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगा, गुरमत समागम में बड़ी संख्या में संगत पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मीरी पीरी के मलिक छठी पातशाही गुरु हर गोविंद जी महाराज को प्रकाश पर्व तथा भक्त कबीर जी की जयंती पर करनाल के एतिहासिक पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब में गुरमत समागत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीवान सजाया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक सेवा जत्था तथा स्त्री समागम द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरुनानक सेवा जत्था द्वारा निशुल्क हौम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रोहतक कैथल और करनाल से आए डाक्टरों ने मरीजों का चैकअप किया। उसके बाद निशुल्क दवा दी गई। कैंप में 300 से अधिक मरीजों की हत जांची। इस अवसर पवर शुगर हाई ब्लड प्रेशर, गठिया, सोरायससि जोड़ो में दर्द,त्वचा रोग के मरीज पहुंचे। सुबह से ही गुरुद्वारा में संगत का तांता लगा रहा। धर्मालुओं ने गुरुर के आगे मत्था टेका। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर हरमिंदर साहेब के हजूरी रागी भाई गुरुबचन सिंह तथा कथा वाचक भाई अमृतपाल सिंह ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता गया। स्वास्थ्य शिविर में डा. निर्मल तेज सिंह , डा. हरजीत कौर, कैथल से डा. यू आर खन्न, रोहतक से एसएन भारद्वाज ने मरीजों का चैंकअप किया। कार्यक्रम में सेवा के लिए डाक्टर और मौजजि लोगों को सम्मनित किया। इस अवसर पर रतन सिंह, प्रधान राजेंद्र मिड्ढा, सचिव भई प्रीतपाल सिंह, गुरवख्श मनचंदा, सतेंद्र सिंह सर्वजीत सिंह ,सुखबीर सिंह, सिमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, अमनदीप सिंह मौजूद थे।



# योग के विभिन्न आसन बताए

- जीवन रहेगा निरोग जो मानव करेगा योग : नवीन संदूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर प्रातः काल कर्ण पार्क मानव सेवा संघ में योग साधकों को वार्म अप करवा कर योग गुरु नवीन संदुजा ने विभिन्न आसनों से योग सत्र को पूर्ण किया। आज अंतिम सत्र में शमशेर सिंह नैन ने योग गुरु नवीन संदुजा को सभी साधकों के साथ मिलकर पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अनिल ग्रोवर, पूनम ग्रोवर, करण ग्रोवर एवं लविश ग्रोवर ने अपनी हाजिरी लगाई। विशेष रूप से पधारे गण मान्य सदस्यों को पूर्व डिप्टी अध्यक्ष कृष्ण गर्ग ने अपने हाथों से मेडल गले में डाल कर सम्मानित किया। इस मौके पर नवीन संदुजा ने बताया कि यह योग कक्षा नित्यप्रति अपने समय के अनुसार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि योग कक्षा में आने पर ''जीवन रहेगा निरोग जो मानव करेगा योग।'' आज के सत्र को सफल बनाने में मुख्य रूप से मीनाक्षी मित्तल, शैलजा गुप्ता, जितेंद्र पसरीचा, राजू मदान, अशोक, देवी दयाल अरोड़ा, मुरारी बत्रा, डॉक्टर मनोज विरमानी, स्वीटी संदूजा, राजेंद्र ग्रेवाल, हरपाल, सनी आहूजा, बिल्लू, रितु पीशोरी, उमा पसरीचा, सुनीता अरोड़ा, बंटी इत्यादि ने सहयोग दिया




# परमात्मा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

बाबा धन्ना राम धर्मशाला श्री साधु सेवा पंथी आश्रम सुभाष गेट में आयोजित 46वें वार्षिक महायज्ञ के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भजन कीर्तन कर परमात्मा का गुणगान किया गया। संत महात्माओं ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। संपूर्ण कार्यक्रम मुख्य सेवक प्रो. नंदलाल राम की देखरेख में हुआ। समापन अवसर पर अनूप भारद्वाज व मीतू सैनी ने शिरकत की। भंडारा लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य सेवक प्रो. नंदलाल राम ने ब्रह्मणज्ञानी श्री महंत बाबा धन्ना राम जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार धन्ना राम जी ने समाज को सही दिशा में अग्रसर किया। समाज की दशा में किस प्रकार सुधार किया। उनसे प्रेरणा लेकर हजारों लोग अध्यात्म के मार्ग पर चल रहे हैं। समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य सेवादार प्रो. नंदलाल राम, सुनीत, सीमा, स्नेहा, चारू, नरेश गाबा, राजू भगत, अंजू, दया, गुलशन, जतिन, राज, दीपू, बिट्टू, वीना, रीमा, अंजु, टोनी व वैद आदि मौजूद रहे।



### भारत विकास परिषद की शाखा तरावड़ी द्वारा लगाया गया कैंप

# योग आचार्य की टीम का प्रशंसा पत्र देकर सम्मान

- प्रत्येक व्यक्ति को अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए योग अवश्य करना चाहिए : आचार्य दिनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा इको सिटी में तीन दिवसीय योग कैंप का समापन हुआ।

इस अवसर पर करनाल से अपनी टीम के साथ पंहुचें योग आचार्य दिनेश गुलाटी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए योग अवश्य करें वह इसमें अपने परिवार को भी शामिल करें। अगर आपका स्वास्थ्य ठीक है तो आपका पूरा परिवार भी स्वस्थ होगा। योग द्वारा ही हम मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं।

योग सभी के जीवन में पॉजिटिव प्रभाव पड़ता है। उन्होंने योग के महत्व के बारे में बताया कि योग व्यायाम का एक प्रकार है जो नियमित अभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाकर रखता है। योग से बेहतर रक्त संचार, एकता शक्ति, मोटापे से मुक्ति, दिमागी विकास, तनाव से मुक्ति मिलती है। इसी कारण योग पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो रहा है। आज योगासन में भुजंग आसन, मयूरासन, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, अलोम विलोम, आसान करवाए गए।



तरावड़ी। करनाल से आई योगचार्य दिनेश गुलाटी की टीम को सम्मानित करते हुये।

#### कार्यक्रम में मौजूद टीम

इस अवसर पर शाखा की ओर से करनाल से योग आचार्य की आई टीम को प्रशंसा पत्र व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष योगेश मिडडा ने कहा कि हमें योगाचार्य दिनेश गुलाटी से योगासन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जिसको नियमित अभ्यास से लाभ उठा सकते हैं और अपने शरीर को स्वस्थ बना सकते हैं। उन्होंने करनाल से आई टीम का हार्दिक धन्यवाद किया और कहा कि वह समय-समय पर हमारी तरावड़ी शाखा को भी सहयोग देते रहे। इस अवसर पर दीपक गोयल, मनोज कामरा, विपिन छाबड़ा, रजनीश लूथरा, मनोज चौधरी, विरेन्द्र बंसल, पिंकी, दर्शना तनेजा सहित काफी संख्या मे महिलाएं मौजूद थी।

**खबर संक्षेप**

## घरेलू गैस के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** समालखा में जीटी रोड स्थित संत निरंकारी भवन में जनता की सुरक्षा को लेकर तिरुपति गैस एजेंसी की ओर से लोगों के लिए एक दिवसीय सुरक्षा शिविर लगाया। एजेंसी के संचालक प्रवीण जुनेजा की देखरेख में लगाए गए इस सुरक्षा शिविर में प्रशिक्षित मैकेनिकों के द्वारा ग्राहकों को गैस के उपयोग करने और सावधानियों के बारे में बताया। प्रवीण जुनेजा ने कहा कि हर घर में आज रसोई गैस का प्रयोग किया जाता है। सभी को सावधानी पूर्वक इसका प्रयोग करना चाहिए ताकि कोई अनहोनी न हो। मौके पर ओमप्रकाश निरंकारी, दिलशाद, तिलक राज, सोनू वर्मा, कुलदीप, खुशवंत सिंह और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रोडवेज कर्मियों की 26 को भूख हड़ताल

**पानीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने नए बस अड्डे पर बैठक कर मांगों पर चर्चा की। अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल कुंडू ने की जबकि संचालन डिपो सचिव सुल्तान मलिक ने किया। राज्य प्रधान नरेंद्र व सचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि प्रदेश सरकार के साथ 23 जून 2023 को रोडवेज कर्मचारियों की कुछ मांगों पर सहमति बनी थी। जिनको लागू करने का परिपत्र आज तक जारी नहीं किया है, इसलिए प्रदेश भर में 26 जून को एक दिन की भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

## अंसल सिटी के घर से गैस सिलेंडर चोरी

**पानीपत।** अंसल सिटी के एफ ब्लॉक में 15 दिन में दूसरी बार घर के अंदर से रसोई गैस सिलेंडर चोरी हो गया। पीड़ित नागेश कुमार जैन ने थाना सेक्टर-13/17 में दी शिकायत में बताया कि पहला सिलेंडर उनका खाली सिलेंडर घर की गैलरी में रखा था। जिसे दो बाइक सवार लड़के उठा ले गए थे। दूसरा गैस सिलेंडर गुरुवार शाम को चोर ले गए। उन्होंने आसपास के ही किसी व्यक्ति का सिलेंडर चोरी का शक जताया। एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कृष्ण हत्याकांड के तीन आरोपी पकड़े

**पानीतप।** थाना समालखा पुलिस ने चुलकाना गांव में स्थित शराब ठेके पर कृष्ण की हत्या करने के तीन आरोपियों को शनिवार देर शाम पट्टीकल्याण से चुलकाना रोड पर रेलवे लाईन के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान नवीन, हिमांशु व संदीप निवासी चुलकाना के रूप में हुई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में संदीप पुत्र जयपाल निवासी चुलकाना की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, मृतक कृष्ण 19 जून की देर शाम गांव निवासी विशाल उर्फ लकीसर को साथ लेकर ठेके पर सेल का कैश लेने के लिए गया था। यहां पर उसकी हत्या कर दी गई थी और विशाल पर जान लेवा हमला किया था।

## निर्धन विरोधी है भाजपा सरकारः कुंडू

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण से कांग्रेस के युवा नेता सचिन कुंडू का कहना है कि बीजेपी दलित और पिछड़ा विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसीलिए ये सरकार हरियाणा से सरकारी शिक्षा, पक्की नौकरी और एससी-ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रही है। इसके लिए सरकार ने सरकारी संस्थाओं की फीस में कई-कई गुणा बढ़ोत्तरी कर दी है। एमडीयू की फीस में 5 गुणा फीस बढ़ाकर सरकार ने गरीब, एससी और ओबीसी परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से दूर करने के प्लान को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है।

# यमुना में रेत खनन से पानीपत के खादर में बाढ़ का खतरा

**11 जुलाई को यमुना का तटबंध टूटने से आई बाढ़ का दंश आसपास के एक दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीण व किसान अभी तक नहीं भूले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



उत्तर प्रदेश की तरफ यमुना में रेत खनन से पानीपत के खादर में एक बार फिर से आने वाले मानसून में बाढ़ का खतरा सताने लगा है। गांव नवादा पार व पत्थरगढ़ के बीच गत वर्ष 11 जुलाई को यमुना का तटबंध टूटने से आई बाढ़ का दंश आसपास के एक दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीण व किसान अभी तक नहीं भूले हैं। बाढ़ के चलते विभिन्न गांवों के किसानों की हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई थी, जिससे सड़कें व रास्ते टूटने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जल्द ही मानसून सीजन शुरू होने वाला है और यमुना तलहटी के गांवों के ग्रामीण तटबंध टूटने का कारण उत्तर प्रदेश के शामली व बागपत जिलों के गांवों मंडवार व नंगला राई में चल रही रेत की खान को मान रहे हैं। पानीपत के खादर के ग्रामीणों का कहना है कि यूपी सरकार की परमिशन ने ठेकेदार यमुना में रेत का खनन करते हैं, लेकिन ठेकेदार अवैध रूप से यमुना में बहुत ज्यादा गहराई तक रेत का खनन करते हैं। जिससे यमुना में कुंड बनने से पानी का बहाव हरियाणा की तरफ हो जाता है। इसलिए ही यमुना का तटबंध हरियाणा की तरफ से टूट जाता है। यमुना के आसपास के गांव के ग्रामीणों का कहना है कि 2013 में भी यमुना का तटबंध टूटने से तलहटी के गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार भी यूपी की तरफ गांव मंडावार व नंगला राई में यूपी सरकार की मंजूरी से खनन चल रहा है और ग्रामीणों को आशंका है कि 2024 में भी बारिश के मौसम में कही यमुना का तटबंध न टूट जाए। इधर, सलीम अहमद सरपंच पत्थरगढ, जोगिंद्र सरपंच नवादा आर, मोहसिन सरपंच जलालपुर द्वितीय, संजय त्यागी सरपंच सनौली खुर्द, गोविंद शर्मा सरपंच प्रतिनिधि तामशाबाद, प्रदीप कश्यप रामड़ा आर व राजदीप रावल सरपंच रिशपुर, जानी रावल ब्लॉक समिति चेयरमैन बापौली आदि ने सरकार व पानीपत जिला प्रशासन से इस बार यमुना में पहले से बाढ़ बचाव को लेकर प्रबंध करने की मांग की है।


### यमुना के तटबंध का निरीक्षण जरूरी

सरपंचों का कहना है कि सिंचाई विभाग के एक्सईएन व एसडीओ को पहले से ही यमुना के तटबंध का निरीक्षण कर लिया जाए और जहां पर जरूरत है, वहां पर पत्थरों की ठोकरें लगाई जाएं ताकि यमुना में ज्यादा पानी आने पर तटबंध को न तोड़ सके। यमुना के खादर के गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि यूपी की तरफ ज्यादा गहराई तक किया जाना वाला रेत का खनन ही तटबंध टूटने का कारण बनता है। पिछले वर्ष भी पानीपत के गांव तामशाबाद के सामने यूपी की तरफ रेत की खान चल रही थी और यूपी के ठेकेदार ने साथ लगते पानीपत के किसानों की जमीन से भी रेत का खनन कर लिया गया था। पानीपत के किसानों की मांग पर जमीन की निशानदेही करवाई गई तो एसडीएम समालखा के रिपोर्ट पर माइनिंग अधिकारी की शिकायत पर पानीपत के सनौली खुर्द पुलिस थाना में यूपी के ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया गया पर उसमें आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप,15 दिन का अल्टीमेटम**

# ग्रामीण सफाईकर्मियों ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। सहकारी मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी।

प्रदेश सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में रविवार को ग्रामीण सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा के आवास के बाहर प्रदर्शन कर उनके नाम अपना मांग पत्र दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए अगले 15 दिन में अगर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज होगा। जिसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार होगी। इसके बाद 10 जुलाई को प्रदेश के तमाम जिलों में विशाल प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान देवीराम, महासचिव विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप, सीटू राज्य प्रधान सुरेखा, महासचिव जयभगवान, सीटू उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह, यूनियन वरिष्ठ उपाध्यक्ष बसाऊराम, उप महासचिव जोगिंदर सिंह, राज्य सचिव वीरभान, पूनम, राजेश कुमार, राजकुमार, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह, बिमलेश, नानक, सीटू नेता सुनील दत्त, किसान सभा के सुरेंद्र मलिक आदि के नेतृत्व में हजारों ग्रामीण सफाई कर्मियों ने बाबरपुर अनाज मंडी में सभा की। इसके बाद आक्रोश प्रदर्शन शुरू कर मंत्री के भाई हरपाल ढांडा ने प्रदर्शनकारियों के बीच आकर मांग पत्र लिया। वहीं मंत्री ने 26 जून को यूनियन प्रतिनिधिमंडल को मांगो पर बातचीत के लिए बुलाया है। प्रदर्शन को राज्य कमेटी सदस्य बेगराज राकेश कुमार, पवन कुमार, मिथुन, मोहन लाल, कृष्ण कुमार, दिनेश कुमार, निर्मल सिंह, उदय, शमशेर व सोहन लाल आदि ने भी सम्बोधित किया।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्वप्न को साकार कर रहे हैं मोदी

- मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने वार्ड 17 के आजाद नगर के राधाकृष्ण मंदिर के बाहर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और भंडारे का आयोजन किया। वहीं सूलेजा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक प्रधान, एक विधान तथा एक निशान के लिए जेल की यातनाएं सहते हुए अपने प्राणों की आहुति देश की एकता व अखंडता के लिए दी थी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्वप्न को पूरा किया। इधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मार्च रविंद्र तुषामढ़, सुनील कंसल, रमेश सैन अहरिया, तरुण पसरीजा, अंकुर मलिक, सतीश सहगल, जगबीर आर्य, नरेंद्र आजाद, सुरेश रावल दीपक मल्होत्रा, नवीन मलिक जतिन झोका आदि मौजूद रहे।

## बाल पुरस्कार के लिए आवेदन मांगें

पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह

## पति समेत पांच पर केस दर्ज

**पानीपत।** एक विवाहिता ने अपने पति पर हनीमून के दौरान उसे जबरन ड्रग्स का नशा करवाया और उसका यौन शोषण किया। नशे की हालत में अप्राकृतिक तरीके से यौन संबंध बनाए। विवाहिता ने आरोप लगाया कि पति व इसके परिजनों ने उसे दहेज के लिए भी तंग किया। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पानीपत निवासी पति, सास, सुसर समेत पांच लोगों पर केस दर्ज करजांच शुरू कर दी है।

# पक्षियों को पानी पिलाने की आदत बनाएं, बच्चों को संस्कार देंः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। समाजसेवी दीक्ष्झित जैन, पाक्षियों के लिए सकोरे में पानी डालते हुए।

समाजसेवी दीक्षित जैन ने अपने युवा मित्रों के साथ एक अभियान शुरू किया है। जिसमें हर्ष गहलौत, केशव तनेजा, कृष्णा चुघ, लक्ष्य चावल, केशव सलूजा, जय तनेजा, मोहित गर्ग मुख्य रूप से शामिल है। दीक्षित जैन ने इन सभी के साथ मिलकर पक्षियों के लिए दर्जनों सकोरे अपने आस पड़ोस में बांटे। साथ ही अपने सेक्टर के कई घरों की छतों पर भी रखवाएं। पक्षियों के प्यास की चिंता करते हुए शहर के इन युवाओं ने हाथ बढ़ाया है। सभी ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए पानी भोजन की व्यवस्था में जुट गए हैं। दीक्षित जैन का कहना है कि मूक पशुओं पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए।

# गाय माता की सेवा से दूर होते हैं कष्ट : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। गांव जलमाना की गोशाला को 51 हजार भेंट करते हुए माणिक कौशिक । फोटो :हरिभूमि

भाजपा के वरिष्ठ नेता शशिकांत कौशिक की तरफ से गांव जलमाना की श्री कृष्ण गोशाला में आयोजित भंडारे में पहुंचकर उनके पुत्र माणिक कौशिक ने 51000 रुपये भेंट किए गए। हालांकि इससे पूर्व भी जलमाना गोशाला में शशिकांत कौशिक द्वारा 5100 रुपये, एक वाटर कूलर और एक एयर कूलर भेंट किया गया है। वहीं जनसेवक शशिकांत कौशिक ने घोषणा की है कि समालखा हल्के में जितनी भी गोशालाएं हैं उन सभी को 11 लाख रुपये भेंट किए जा रहे हैं । वहीं गोसेवकों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए माणिक कौशिक ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है। ऐसी मान्यता है कि बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गोमाता की सेवा करने से दूर हो जाता है। गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है।

मान्यता है कि गाय की सेवा करने से जहां सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं। वहीं यहां पहुंचने पर माणिक कौशिक का आयोजकों व ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जलमाना, सुशील कौशिक व आजाद आदि मौजूद रहे।

## गोल्ड मेडल विजेता राहुल का भिनंदन किया



**पानीपत।** दिल्ली के जहांगीरपुरी शेतार की उत्तराखंड धर्मशाला में उत्तर भारत पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें पानीपत के छाजपुर गांव निवासी राहुल ने गोल्ड मेडल जीत कर अपने गांव के साथ साथ पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। राहुल ने प्रतियोगिता में 78 किलो भारवर्ग में 200 किलो वेटलिफ्ट उठाई। बता दें कि राहुल जॉन शेन फिटनेस जिम में अभ्यास करता है। जहां के कोच जॉनी शर्मा उन्हें पावरलिफ्टिंग का अभ्यास कराते हैं। राहुल अपनी जीत का श्रेय अपने कोच जॉनी शर्मा को दिया है। वहीं आज जिम पहुंचने पर कोच जॉनी शर्मा और जिम के सदस्यों विशाल, सालेश, सावन व ऋ षभ आदि ने राहुल का स्वागत किया।

## श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के दर्शन करवाए



चुलकाना धाम के लिए बस रवाना करने पहुंचे मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**पानीपत।** श्री श्याम लख दाता सेवा मंडल कमेटी युवा टीम पानीपत द्वारा आज सलार गंज गेट से गांव आहुलाना श्याम बाबा के दर्शन करके फिर चुलकाना धाम श्याम बाबा के दर्शनों के लिए मोंटी राधे कश्यप की अध्यक्षता में पांचवी बस यात्रा फ्री निकाली गई। मुख्य अतिथि रहे समाजसेवी धर्मवीर कश्यप । वहीं पर धर्मवीर कश्यप को पगड़ी व पटका और माला पहनकर स्वागत किया। जिसमें अमन कश्यप, मोंटी राधे, देवी दयाल कश्यप, विक्की कश्यप, राहुल रोहिल्ला, साहिल रोहिल्ला, राहुल, तुषार सैनी, राघव बजाज, नीरज रोहिल्ला, मनी चंदू, नितिन सैनी व विनय यादव शामिल रहे।

## रिश्तेदारों ने 11 लाख के जेवरात ठगे, केस दर्ज

पानीपत। गांव बांध निवासी परिवार के लाखों रूपये कीमत के गहने रिश्तेदार ने हडप किए। पुलिस को दी शिकायत में सुमन निवासी गांव बांध ने बताया कि उसकी मौसी का बेटा दलप्रीत सेक्टर 51बी, चंडीगढ़ के रहने वाले है। ये सभी वर्ष 2016 में उनके घर आए थे। इन्होंने जेवरात पहनने के लिए लिए थे। ये ज्वेलरी करीब छह तोला वजन की थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने काफी समय तक आभूषण वापस नहीं करे। आरोपी कई महीनों तक उन्हें दो-चार महीनों में आभूषण लौटाने की बात कहते रहे। लॉकडाउन में दो साल तक आवाजाही बंद होने का बहाना बनाकर आभूषण नहीं लौटाए। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 25 मई को आरोपियों की फैक्ट्री मोहाली में गए तो पता चला कि आरोपियों ने उनकी ज्वेलरी गिरवी रखकर लोन लिया हुआ है। लिखित समझौते के बाद भी आरोपियों ने उन्हें ज्वेलरी नहीं लौटाई।

**बैठक** | **स्व.जुगल आहूजा व खुशी राम वधवा को दी श्रद्धांजलि**

# श्री राम दशहरा कमेटी के पांचवीं बार अध्यक्ष बने भीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड के पदाधिकारीग ण प्रसन्न मुद्रा में।

श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड की बैठक रविवार को बरसत रोड स्थित हर्ष गार्डन में हुई। बैठक का शुभारंभ श्री हनुमान चालीसा के पाठ से किया गया। जिसके बाद कमेटी के गत दिनों दुनिया को अलविदा कहने वाले स्व.जुगल आहूजा व खुशी राम वधवा को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में महासचिव सुभाष गुलाटी ने कहा कि कार्यकारिणी का समय पूरा होने पर नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर सभी के विचार जाने गए हैं। कोषाध्यक्ष राधे श्याम नासा ने गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वहीं बैठक में सभी से विचार विमर्श के बाद लगातार पांचवी बार सर्वसम्मति से भीम सचदेवा को प्रधान चुना गया । मीडिया प्रभारी सुनील थम्मन ने बताया कि बैठक में मनोहर लाल शर्मा, राजकुमार जैन, सुनील चोपड़ा, हरबंस आनंद, सुभाष बठला, राजिंद्र ग्रोवर, सुनील थम्मन, हरीश अरोड़ा, गुलशन शर्मा, राकेश आंनद, यश माटा, सोम मदान, चन्द्र आर्य, प्रीतम बतरा, लाजपत मल्होत्रा, सतीश सुखीजा, अशोक कालड़ा, रमेश सतीजा, अर्जुन दास गंगवानी, अशोक कपूर, बीडी वधवा, हरीश खत्री, कमल आहूजा, मदन लाल मजोका, तरूण आहूजा, एकांश नासा, अनिल बजाज, सुरेंद्र परूथी, मोहित मिगलानी, अर्पित थम्मन, यशपाल चौधरी, राम स्परूप चावला, भीम सेन आर्य, महेश इन्द्र कुमार, कपिल भट्नागर, चमल गुलाटी, मनोज ढींगड़ा, अनिल चुघ, राजेंद्र पोपली, राममेहर कौशिक, भुवनेश वधवा, पवन मनूजा आदि मौजूद रहे।

# नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 20 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव परढाना निवासी तीन युवकों को सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर एक महिला ने खुद को हाईकोर्ट का जज बता कर 20 लाख रूपये की ठगी कर ली। वहीं, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में नवीन कुमार निवासी गांव परढाना ने बताया कि उसकी मुलाकात सुनील निवासी रोहतक से नौकरी लगवाने के लिए हुई थी। सुनील ने उसकी मुलाकात ममता निवासी गांव बवाना दिल्ली से करवाई थी। जोकि खुद को हाईकोर्ट का जज बताती थी। ममता ने कहा कि वह उसे कृषि भवन में, उसके साथी मोनू को निर्माण भवन में व संजीत का ग्रुप डी में लगवा देगी। 10 अक्टूबर 2019 को तीनों ने पांच-पांच लाख रुपए कैश इसराना पुल के नीचे उक्त महिला को दिए। 7 नवंबर को नवीन और मोनू को ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। इसके बाद कुछ और रुपए की डिमांड की। तब उन्होंने 3 लाख रुपए नकद और डेढ लाख रुपए खाते में ट्रांसफर किए। वहीं, 9 जनवरी 2020 को नवीन और मोनू का आईकार्ड दे दिया। साथ ही कहा कि संजीत का अभी और टाइम लगेगा। ममता और एक अन्य उसका साथी सुरेंद्र मलिक दोनों और रुपए लेने के लिए इसराना में अपनी स्विफ्ट कार में सवार होकर आए थे। जिनको उन्होंने 5.44 लाख रुपए नकद दिए। वे आईकार्ड लेकर कृषि भवन पहुंचे। जहां जाकर पता चला कि आईकार्ड नकली है। उन्होंने ममता को कॉल की, तो उसने फोन नहीं उठाया। फिर वे उसके घर गए तो वहां उसने कहा कि आपका काम पक्का हो जाएगा, तीनों 5 लाख रुपए और दे दो। फिर उन्होंने उसे 3 लाख रुपए 21 जनवरी को और 2 लाख रुपए 2 फरवरी को इसराना पुल के नीचे दिए। 15 मार्च 2020 को संजीत का ग्रुप डी का लेटर दिया गया। जिसे चेक करवाया, तो वह भी फर्जी निकला। इधर, इसराना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

